# माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर, उ०प्र०
# MAA PATESWARI UNIVERSITY, BALRAMPUR, U. P.

**Website : https://mpublp.ac.in** E-mail : **coe.mpublp@gmail.com**


पत्रांक सं.: माँ०पा०वि०वि०/COE/ 38 /2025 दिनांकः 20 दिसम्बर, 2025

## सूचना

मानानीय कुलपति जी के आदेश दिनांक 20-12-2025 के क्रम में समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के शैक्षणिक सत्र 2025-26 के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा समर्थ पोर्टल के माध्यम से होनी है। **प्रथम सेमेस्टर के अर्ह छात्र/छात्राओं के कोर्स सेलेक्शन एवं परीक्षा फार्म पूरित करने की तिथि दिनांक 23-12-2025 तक विस्तारित की जा रही है।** समस्त सम्बन्धित छात्र-छात्राओं/महाविद्यालयों से अपेक्षा की जाती है कि दिनांक 23-12-2025 तक कोर्स सेलेक्शन एवं परीक्षा फार्म पूरित किया जाना सुनिश्चित करें।

2- छात्र-छात्राएं एवं महाविद्यालय कोर्स सेलेक्शन एवं परीक्षाफार्म पूरित करने की जानकारी दिये गये ***Flowchart*** के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं।

3- समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय अपने स्तर से भी प्रथम सेमेस्टर के अर्ह छात्र/छात्राओं को कोर्स सेलेक्शन एवं परीक्षा फार्म पूरित करने की सूचना प्रदान करने का कष्ट करें। साथ ही परीक्षा फार्म पूरित होने के उपरान्त विश्वविद्यालय के पत्रांक माँ०पा०वि०वि०/COE/ 23 /2025 दिनांक 28-11-2025 के द्वारा पूर्व में दिये गये निर्देश के क्रम में छात्रों से परीक्षा शुल्क संकलित करके सम्बन्धित महाविद्यालय एकमुश्त परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालय के समर्थ लॉगिन पर पेमेंट गेटवे के माध्यम से जमा करते हुए शुल्क जमा रसीद (**Receipt**) की सत्यापित प्रति परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

***नोटः-*** *समस्त महाविद्यालय एवं छात्र/छात्राएं ध्यानपूर्वक सही-सही कोर्स सेलेक्शन करना सुनिश्चित करें। परीक्षा फार्म पूरित होने के बाद कोर्स में किसी भी प्रकार का परिवर्तन किया जाना सम्भव नहीं होगा।*

**भवदीय**

(दिनेश कुमार मौर्य)
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-**

1. समस्त संकायाध्यक्ष, को इस आशय से प्रेषित कि वे अपने स्तर से भी छात्र/छात्राओं को उक्त से अवगत कराने कष्ट करें।
2. सम्बन्धित प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय को इस आशय के साथ प्रेषित कि वे परीक्षा फार्म दिनांक 23-12-2025 तक पूरित कराते हुए छात्रों का परीक्षा शुल्क संकलित कर सम्बन्धित महाविद्यालय एकमुश्त धनराशि समर्थ पोर्टल के माध्यम से ससमय जमा कराना सुनिश्चित करें।
3. **सम्पादक,** दैनिक जागरण/अमर उजाला/हिन्दुस्तान/टाइम्स ऑफ इंडिया, को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना छात्रहित में निःशुल्क प्रचारित कराने का कष्ट करें।
4. नोडल अधिकारी समर्थ पोर्टल, को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को वेबसाइट एवं सम्बन्धित कालेज के लॉगिन पोर्टल पर अपलोड करने करें।
5. वित्त अधिकारी/कुलसचिव, माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर ।
6. कुलपति कार्यालय, मा० कुलपति जी के सादर सूचनार्थ ।

**परीक्षा नियंत्रक**